प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी में अमूल परियोजना का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

23 दिसंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वाराणसी में 475 करोड़ रुपए की लागत वाली अमूल की बनास-काशी संकुल परियोजना का शिलान्यास किया गया।

प्रमुख बिंदु

- डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये प्रधानमंत्री ने प्रमाणन चिह्न, डेयरी मार्क भी लॉन्च किया तथा डिजिटल माध्यम से बनास डेयरी से जुड़े 1,70,000 किसानों के खातों में 35 करोड़ रुपए की बोनस धनराशि अंतरित की।
- इस अवसर पर श्वेत क्रांति पर आधारित एक वृत्तचित्र भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रदेश में चल रही परियोजना और संकल्पना का खाका खींचा गया है।
- प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश के 6 नए भू-स्वामियों को अपने कर-कमलों से घरौनी प्रदान करने के साथ ही राज्य के 20 लाख परिवारों को घरौनी वितरित की।
- प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कुल 2095 करोड़ रुपए की कुल 27 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने रामनगर में देश का सबसे बड़ा गोबर बायोगैस प्लांट का भी शुभारंभ किया गया।
- विदित हो कि भारत दुनिया का लगभग 22 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन करता है। वहीं उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाला राज्य है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/foundation-stone-of-amul-project-in-varanasi